30 june.qxd 6/30/2024 12:50 AM Page 1

Email : danikartindianews@gmail.com | http://Website:- Artindianews.page | Facebook @ArtIndiaNews | वर्ष : 11, अंक : 132 मूल्य : 3 रु. पेज 8

# दैनिक आर्ट इंडिया न्यूज

MPHIN/2014/56830 बढ़ते इंडिया की बढ़ती सोच...

इन्दौर, रविवार, 30 जून 2024



# अजेय भारत, विराट जीत, हार्दिक बधाई

## 17 साल बाद टी-20 वर्ल्ड कप जीता, रोहित की टीम ने साउथ अफ्रीका को 7 रन से हराया

*बारबाडोस। इंडिया में आधी रात दिवाली मन रही है। रोहित शर्मा की टीम ने वो सपना पूरा कर दिया, जिसका 17 साल से पूरा होने का इंतजार था। साउथ अफ्रीका 177 का टारगेट आसानी से पूरा कर रही थी। लेकिन, गेंदबाजों को ये मंजूर नहीं था।*

साउथ अफ्रीका के हाथों से जीत छीन ली। टी-20 वर्ल्ड कप इंडिया का है। जीत का हीरो कोई एक नहीं पूरी इंडियन टीम है। सूर्यकुमार का वो कैच तो शायद दशकों तक याद रखा जाएगा, जिसकी बदौलत मिलर पवेलियन लौटे। टीम इंडिया ने 17 साल बाद टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। टीम ने 2007 में पहला वर्ल्ड कप जीता था। इसी के साथ भारतीय टीम ने आईसीसी ट्रॉफी के 11 साल के सूखे को खत्म कर दिया। भारत ने आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट 2013 में जीता था। बारबडोस से स्टेडियम में इंडिया ने पहले बैटिंग चुनी थी। पावरप्ले में रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और सूर्यकुमार के विकेट गिर गए थे। कोहली ने 76 और अक्षर पटेल ने 47 रन की पारी खेली। शिवम दुबे ने तेज रफ्तार से 27 रन बनाकर स्कोर 176 तक पहुंचाया। साउथ अफ्रीकी स्पिनर केशव महाराज और एनरिक नॉर्त्या ने 2-2 विकेट लिए। कगिसो रबाडा और मार्को यानसन ने एक-एक विकेट लिया। रन चेज में साउथ अफ्रीकी टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 169 रन बना सकी। हार्दिक पंड्या ने 3 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह ने 2-2 विकेट लिए। हेनरिक क्लासन ने 27 बॉल पर 52 रन बनाए, जबकि डी कॉक ने 31 बॉल पर 39 रन की पारी खेली। ट्रिस्टन स्टब्स ने 21 बॉल पर 31 और मिलर ने 17 बॉल पर 21 रन का योगदान दिया।

### इससे बेहतरीन क्षण कुछ और नहीं हो सकता : जसप्रीत बुमराह

यह काफ़ी अहम क्षण है। मेरा परिवार यहां है। इससे बेहतरीन क्षण कुछ और नहीं हो सकता। इस पूरे टूर्नामेंट में मैंने गेंद के हिसाब से बॉलिंग करने का प्रयास किया। इस ट्रॉफी को जीतने के लिए हमने कड़ी मेहनत की है।( 18वें ओवर पर ), गेंद रिवर्स स्विंग हो रही थी और मैं लेंथ पर ही गेंद डालने का प्रयास कर रहा था।



### यह मेरा आखिरी टी-20 मैच था : विराट कोहली

यह मेरा अंतिम टी-20 वर्ल्ड कप था और हम इसे जीतना चाहते थे। यह भारत के लिए मेरा आखिरी टी20 मैच था। मुझे लगता है कि यह संन्यास लेने का सही समय है और अब समय आ गया है कि नई पीढ़ी इस विरासत को आगे लेकर जाए। यह एक ओपन सीक्रेट था। यह रोहित का 9वां विश्व कप था, जबकि मेरा छठा ॠ20 वर्ल्ड कप था। मैं पिछले कुछ मैचों में अच्छा नहीं कर रहा था। इस समय मेरे अंदर की भावनाएं बाहर नहीं आ पाएंगी।



# भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के संसदीय दल की बैठक दिल्ली में संपन्न

## सांसद श्री पाटील ने भी प्रदेश पदाधिकारी के साथ प्रदेश से बने केंद्रीय मंत्रियों का किया स्वागत अभिनंदन

**खंडवा (आर्ट इंडिया न्यूज)।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश संसदीय दल की बैठक दिल्ली के मध्यप्रदेश भवन में संपन्न हुई। बैठक में मध्यप्रदेश की सभी 29 लोकसभा विजयी होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश जी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉक्टर महेंद्र सिंह, सह प्रभारी श्री सतीश उपाध्याय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी, उप मुख्यमंत्री द्वय जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस अवसर पर केंद्र और प्रदेश के पदाधिकारी ने सभी निर्वाचित 29 सांसदों का स्वागत अभिनंदन किया, बैठक में भारत सरकार के नवागत केंद्रीय मंत्रियों और राज्य मंत्रियों का भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश द्वारा स्वागत किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मध्यप्रदेश भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से केंद्रीय मंत्री द्वय शिवराज सिंह चौहान, डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक, राज्यमंत्री द्वय श्रीमती सावित्री ठाकुर, दुर्गादास उईके को अंगवस्त्र पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत और सम्मान किया। खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने भी केंद्रीय मंत्रियों का स्वागत अभिनंदन किया।

# किण्डर स्कूल में पानी संरक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन



*देवास (शकील कादरी, आर्ट इंडिया न्यूज)। किण्डर हायर सेकण्डरी स्कूल देवास में पानी का संरक्षण को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पारिस्थितिकी विज्ञान वैज्ञानिक एवं यूनाइटेड नेशन के आई.यू.सी.एन. कमीशन के 5 कमीशन के सदस्य डॉ. सुनील दुबे उदयपुर राजस्थान, डॉ. शेखर सरभाई मृदा वैज्ञानिक एवं सेवानिवृत टेक्नीकल डायरेक्टर सोइल एण्ड लैंड यूज सर्वे ऑफ इण्डिया नई दिल्ली से उपस्थित हुए।*

इस अवसर पर देवास के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजय सोलंकी एवं स्कूल डायरेक्टर हेमन्त वर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में डॉ. सुनील दुबे ने सिखाया कि पानी संरक्षण की जिम्मेदारी केवल नगर पालिका या शासन की नहीं है, यदि हमे पानी को बचाना है, तो घर के पानी को घर में और अपने स्कूल के पानी को स्कूल में रोकना होगा। इस हेतु उन्होने बच्चों से स्कूल में एक परकोलेशन पिण्ड बनवाया और इसमें कैसे पानी का संरक्षण होता है विस्तार से समझाया। पौधारोपण पर भी जानकारी देते हुए डॉ. सुनील का कहना था कि आज हम देख रहे है, कि हम केवल सुन्दरता की तरफ ध्यान दे रहे है, और इसके चलते अनेक विदेशी प्रजाति या सही शब्दों में घुसपेठी प्रजातियों का पौधारोपण कर रहे है, जिसके कारण हमारी देशी प्रजातियों को नुकसान हो रहा है। उन्होनें ऐसी अनेक प्रजातियों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी और तकनीकी का सही इस्तेमाल करते हुए उसे पहचानने का तरीका बताया। उन्होनें एक पेड़ को कैसे लगाया जाना चाहिए, उसका गढ्ढा कितना गहरा होना चाहिए इसकी भी जानकारी बच्चों को दी। डॉ. सुनील ने किसी सर्वे कार्य कार्य को करने के लिए कैसे गूगल अर्थ और नोट केम एप का उपयोग किया जाता है उसको सविस्तार बताया। इस अवसर पर दिल्ली से आये मृदा वैज्ञानिक डॉ. शेखर सरभाई ने मृदा पहचानने के तरीके तथा मृदा अपरदन को रोकने के उपाय पर चर्चा की। अजय सोलंकी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने इस अवसर पर किण्डर हायर सेकण्डरी स्कूल को इस पहल के लिए बधाई दी तथा अपेक्षा की कि बच्चे इस कार्य को आगे बढ़ायेंगे। विद्यालय के डायरेक्टर हेमन्त वर्मा ने अतिथि वैज्ञानिको का सम्मान करते हुए आश्वस्त किया कि वैज्ञानिकों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण के लिए जो उपाय बताए है उसे देवास के अलग अलग हिस्सो तक फैलाने का प्रयास करेंगें। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन हिमांशी वर्मा एवं स्वपनिल वर्मा ने किया। आभार प्राचार्य विनोद पटेल ने माना।



# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मिश्र की सेवानिवृत्ति पर जिला न्यायालय में विदाई समारोह आयोजित

**देवास (शकील कादरी, आर्ट इंडिया न्यूज)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मधुसूदन मिश्र की सेवानिवृत्ति पर जिला अभिभाषक संघ देवास द्वारा न्यायालय भवन की प्रथम मंजिल पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य रूप से न्यायमूर्ति श्रीमान हृदेश महोदय, उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर भी उपस्थित हुए।

संघ अध्यक्ष अशोक वर्मा ने बताया कि सेवानिवृत्त हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश मधुसूदन मिश्र का समारोह में पुष्पमाला एवं मां चामुण्डा की तस्वीर भेंट कर स्वागत सम्मान किया उनके कार्यकाल में किए गए कार्य की सभी ने सराहना की। उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर न्यायमूर्ति श्रीमान हृदेश जी ने श्री सेवानिवृत्त मिश्र के कार्यकाल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए अभिभाषक संघ द्वारा आयोजित विदाई समारोह की सराहना की। अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि श्री मिश्रा ने अपने 30 वर्ष के कार्यकाल को ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ पूरा करते हुए लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया। श्री मिश्रा ने अपनी सेवानिवृत्ति के पूर्व सिविल अपीलों एवं सभी प्रकरणों का निराकरण ऐसे किया कि जैसे कोई नया न्यायाधीश करता है। हमे उन्होंने कभी महसूस नहीं होने दिया कि वे सेवानिवृत्त होने वाले है। अभिभाषकों व सेवानिवृत्त श्री मिश्रा का तालमेल व आपसी संबंध से वर्षो से चले आ रहे प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो पाया। अभिभाषक कभी भी उन्हें अपनी समस्या बताते वे शीघ्र ही उसका निराकरण कर देते थे। हमें विश्वास है कि आगे भी श्री मिश्रा का मार्गदर्शन आगे भी मिलता रहेगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष पंकज पड्या, उपाध्यक्ष (महिला) गीता शर्मा, सचिव अतुल कुमार पंड्या, सहसचिव जितेन्द्र सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह तोमर, पुस्तकालय सचिव श्वेतांक राज शुक्ला सहित बडी संख्या में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित थे। संचालन अधिवक्ता रघुवीर यार्दी एवं आभार संघ उपाध्यक्ष पंकज पंड्या ने माना।

# सेन्ट्रल इण्डिया एकेडमी में पेरेंट्स ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन





**देवास (शकील कादरी, आर्ट इंडिया न्यूज)।** सेन्ट्रल इण्डिया एकेडमी में आज दिनांक 29.6.24 को पालकों के लिये ''पेरेंट्स ओरिएंटेशन कार्यशाला'' का आयोजन किया गया।उक्त कार्यशाला का शुभारंभ सर्वप्रथम विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रीटासिंह एवं उप प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

प्राचार्या श्रीमती रीटासिंह ने कार्यशाला में उपस्थित पालकों को संबोधित करते हुये कहा कि अगर माता-पिता में अच्छा तालमेल व सामजंस्य हैं तो वे अपने बच्चों के सर्वागीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं पालक खुद मोबाईल एवं टी.वी. से दूर रहे व अपने बच्चों को दूर रखें, क्योंकि पालक टाईम मेनेजमेंट की कद्र करेंगे तो बच्चा भी करने लगेगा। जिससे बच्चों में जिज्ञासु प्रवृत्ति का विकास होगा और वे शिक्षण में सक्रियता एवं समग्रता से भाग लेंगे। उन्होनें पालकों से यह भी अनुरोध किया कि वह अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा समय दें, उन्हें अच्छी- अच्छी कहानी सुनायें। क्योंकि बच्चों को अच्छा वातावरण देने के लिये माता- पिता में अच्छा तालमेल होना अति आवश्यक है जिससे बच्चों के अंदर छुपे दृष्टिकोण को उभारा जा सकता हैं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या श्रीमती रीटासिंह ने पालकों के प्रश्नों का उत्तर देते हुये उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती ज्योति शर्मा व आभार शिक्षिका श्रीमती रानी चौरे ने किया।

## सन फार्मा इंडस्ट्री ने प्राथमिक विद्यालय इटावा को प्रदान किए गए 80 फर्नीचर सेट

देवास (शकील कादरी, आर्ट इंडिया न्यूज)। मेरी शाला संपूर्ण शाला अभियान के तहत विश्व प्रसिद्ध सन फार्मास्यूटिकल इंडस्टरीज लिमिटेड देवास ने सी.एस.आर. कार्यक्रम के अंतर्गत 29 जून को शासकीय प्राथमिक विद्यालय इटावा जिला देवास को 80 फर्नीचर सेट निशुल्क प्रदान किए। इन फर्नीचर सेट पर प्राथमिक स्तर के कक्षा पहली से पांचवी तक में अध्ययनरत सभी 232 विद्यार्थी अब जमीन की जगह फर्नीचर पर बैठकर नवीन ऊर्जा एवं उत्साह के साथ अध्ययन कर पाएंगे। विद्यार्थीगण फर्नीचर को देखकर अत्यंत खुश हुए एवं दिल से धन्यवाद देते नजर आए। इस अवसर पर देवास तहसीलदार सपना शर्मा ने सन फार्मास्यूटिकल इंडस्टरीज लिमिटेड देवास के सामाजिक जिम्मेदारी की ओर बढ़ते कदमों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में डॉ राजेंद्र सक्सेना जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी, अजय सोलंकी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सन फार्मास्यूटिकल इंडस्टरीज लिमिटेड के विवेक भार्गव एवं शेख निसार, अशोक साहू संकुल प्रचार, किशोर वर्मा बी.आर.सी. एवं विद्यालय के छात्र, शिक्षक व पालकगण उपस्थित रहे। शिवेशचंद्र शर्मा प्राचार्य प्राथमिक विद्यालय इटावा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



आर्ट इंडिया न्यूज
बढ़ते इंडिया की बढ़ती सोच...
खंडवा-आसपास
रविवार, 30 जून 2024
3

# खंडवा रोटरी क्लब के स्थापना दिवस पर रोटेरियन का हुआ सम्मान

*खंडवा (आर्ट इंडिया न्यूज)। खंडवा रोटरी क्लब का स्थापना दिवस शुक्रवार को श्रीमीत परिसर में मनाया गया। इसमें रोटेरियन का सम्मान भी किया गया। विडियो डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से वर्ष भर के प्रकल्पों की जानकारी साझा की गई। मंडलाध्यक्ष की आधिकारिक यात्रा के दौरान वाइस गर्वनर ने कार्यक्रम में मौजूद रहे। केक कटाकर मनाया गया स्थापना दिवस।*



मीडिया प्रभारी आशीष जायसवाल ने बताया खंडवा रोटरी क्लब के स्थापना के 57 वर्ष का सेलिब्रेशन शुक्रवार को मनाया गया। केक कटाकर स्थापना दिवस मनाया गया। सत्र 2023-24 में रोटरी साथियों के सहयोग के लिए वाइस गर्वनर धीरेंद्र दत्ता, रोटरी अध्यक्ष भूपेंद्रसिंह खंडपुरे, सचिव भूपेश पचौरी, परियोजना संयोजक मुकेश गौर ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के पूर्व वाइस गर्वनर धीरेंद्र दत्ता एवं रोटरी अध्यक्ष भूपेंद्रसिंह खंडपुरे रथ में सवार होकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे। जहां मां सरस्वती और पॉल हेरिस के छायाचित्र पर माला पहनाई गई और दीप प्रज्वलित कर कार्य कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। स्वागत उदबोदन में रोटरी अध्यक्ष भूपेंद्रसिंह खंडपुरे ने कहा सभी साथियों ने भरपूर सहयोग और आशीर्वाद दिया जिसके कारण हम नये आयाम कर सकें जो हमारी उपलब्धि है यह सब सभी रोटेरियन के सहयोग से ही संभव हो पाया है। मैं सभी रोटेरियन का आभारी हूं जिन्होंने अच्छे प्रोजेक्ट करने में अपनी सहभागिता दी। रोटरी क्लब के वर्षभर में किये गये प्रोजेक्ट का विडियो डॉक्यूमेंट्री बनाकर दिखाया गया।

वाइस गर्वनर धीरेंद्र दत्ता ने कहा हमें जीवन में अनुमान नहीं लगाना चाहिए। क्योंकि अनुमान लगाने में हम सही निर्णय नहीं कर पाते। आज के समय में व्यक्ति अनुमान लगाकर किसी के बारे में भी कुछ भी धारणा बना लेता है लेकिन ऐसा नहीं होना। जब आप ये बंद कर देंगे तो आप देखेंगे कि आपको जीवन में अच्छे परिणाम आना प्रारंभ हो गए है। सचिव भूपेश पचौरी ने रोटरी क्लब के वर्षभर में किये गए प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने रोटेरियन के सहयोग और धर्मपत्नी लेखा पचौरी के सहयोग के लिए आभार माना। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सतनामसिंह होरा, कोषाध्यक्ष रोहित मेहता, क्लब ट्रेनर अभिषेक गुप्ता, जगदीश पालीवाल, पूर्व अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अनिल बाहेती, अभिषेक गुप्ता, कमलेश गुप्ता, मेघराज जैन, अनिमेश हूमड़, विनोद बड़जात्या, विवेक जैन, नीरज भंडारी, पल्लव सेठी, मनोज जौहरी, दिव्या त्रिवेदी, कृष्णकांत हेडा, विकास बोंडे, संदीप सोनी, रविंद्र जौहरी, तजिंदरसिंह होरा, एम.युनुस, परमानन्द तालमपुरे, धर्मेंद्र झंवर, आनंद कानूनगो, गणेश पटेल, रेणु खंडपुरे, लेखा पचौरी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अमित मिश्रा एवं पूजा जैन ने किया। रोटरी क्लब ने वाईस गवर्नर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# नर्सिंग एवं पेपर लीक घोटालों को लेकर आगामी 1 को

## कांग्रेस का होगा जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम

## सोमवार को कलेक्ट्रेट में होगा धरना प्रदर्शन एवं भ्रष्टाचारियों का पुतला दहन

**खंडवा (आर्ट इंडिया न्यूज)।** प्रदेश में सरकार की सह पर शिक्षा माफियाओं द्वारा युवाओं के भविष्य के साथ किये जा रहे खिलवाड़ और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रहे घोटालों, प्रदेश में हुये नर्सिंग घोटाले और पेपर लीक घोटालों के विरोध में प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आव्हान पर आगामी 01 जुलाई 2024 को प्रदेश भर में जिला/शहर कांग्रेस कमेटियों द्वारा जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन, मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री के पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

प्रदेश में लगातार शिक्षा माफियाओं द्वारा किये जा रहे शिक्षा घोटालों से सत्तारूढ़ प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यकाल में युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों के खिलाफ जिला प्रभारी कैलाश कुंडल के नेतृत्व में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा 1 जुलाई सोमवार को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट कार्यलय में धरना-प्रदर्शन एवं भ्रष्टाचारियों के पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर कार्यालय के समक्ष चिकित्सा शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुये कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय ओझा एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ मुनीश मिश्रा ने धरना प्रदर्शन को सफल और प्रभावी बनाने हेतु जिला, ब्लाक अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन, पूर्व विधायक, मोर्चा संगठन सेवादल, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन, विभाग, प्रकोष्ठ के अध्यक्षा, स्थानीय संस्थाओं के कांग्रेस पक्ष के जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और युवाओं की अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का निवेदन किया है।

# थाना पिपलोद ने भाई की हत्या के आरोपी को 24 घंटे में किया गिरफ्तार



**खंडवा (आर्ट इंडिया न्यूज)।** दिनांक 27.06.24 को करीब 8:30 बजे रात दो सगे भाईयो में ट्रेक्टर से खेत हलने की बात को लेकर विवाद हो गया, जिससे बडे भाई मोजीलाल पिता सरपट बारेला निवासी ग्राम डेहरिया ने अपने छोटे भाई सलीम पिता सरपट बारेला को गुस्से में आकर पत्थर फोडने के घन से बांए तरफ पसलियों में मार दिया जिससे छोटे भाई सलीम पिता सरपट बारेला उम्र 24 साल निवासी ग्राम डेहरिया की मौके पर ही मौत हो गई।

फरियादिया प्रमिलाबाई पति सलीम जाति बारेला उम्र 21 साल निवासी ग्राम डेहरिया की रिपोर्ट पर थाना पिपलोद मे अप. क्र. 278/24 धारा 302 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी मोजीलाल पिता सरपट बारेला घटना के बाद से फरार हो गया था। आरोपी मोजीलाल थाना पिपलोद का निगरानी बदमाश है, उसके विरुद्ध थाने मे अन्य अपराध भी पंजीबद्ध है। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। उक्त फरार आरोपी मोजीलाल पिता सरपट बारेला को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर खंडवा व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना पिपलोद निरीक्षक सुरेन्द्रनाथ पाण्डेय के नेतृत्व मे टीम गठित कर आरोपी मोजीलाल को पकडने का लगातार प्रयास जारी रहा तथा आरोपी की संभावित स्थानों पर लगातार दबिश देकर घटना के 24 घंटे के अंदर घटना के फरार आरोपी मोजीलाल पिता सरपट बारेला उम्र 28 साल निवासी ग्राम डेहरिया को दिनांक 28.06.24 को गिरफ्तार किया गया। जिसे दिनांक 29.06.24 को न्यायालय पेश किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने से जिला जेल दाखिल किया गया।

**सराहनीय भूमिका :** उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. सुरेन्द्रनाथ पाण्डेय, उनि प्रेमसिंग जामोद, सउनि सपन बाजपेयी, प्रदीप पाटिल, प्र.आर. 513 ब्रजेश सल्लाम, आर 285 आकाश बावने की सराहनीय भूमिका रही है।



# राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन इंदौर और देवास की टीम ने जीत दर्ज की

**खंडवा (आर्ट इंडिया न्यूज)।** मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ के मार्गदर्शन एवं जिला फुटबाल संघ के तत्वावधान में जिला मुख्यालय खंडवा में प्रेसिडेंट कप पश्चिम राज्य स्तरीय अंडर 17 फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गुरु गोविंद सिंह स्टेडियम पर चल रहा है, 28 जून से प्रारंभ यह फुटबॉल प्रतियोगिता 4 जुलाई तक चलेगी।

इस राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में 10 जिलों की टीमे भाग लेकर अपने खेल का प्रदर्शन कर रही है, प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को स्टेडियम पर दो मैच खेले गए, पहला मैच इंदौर और बड़वानी के बीच हुआ, जिसमें इंदौर ने बड़वानी को हराकर जीत दर्ज की, दूसरा मैच खंडवा और देवास के बीच हुआ जिसमें चार एक से खंडवा को हराकर देवास ने यह मैच जीत लिया, शनिवार को आयोजित मैच में पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा, वरिष्ठ नेता कैलाश पाटीदार, कैलाश राठौड़, प्रवक्ता सुनील जैन, निलेश निदाने, प्रणय गुप्ता के साथ ही बड़ी संख्या खेल प्रेमियों ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया, जिला फुटबाल संघ के सचिव राहुल मेहता ने खंडवा के सभी खेल प्रेमियों से चल रही प्रदेश स्तर की फुटबॉल प्रतियोगिता में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करने का अनुरोध किया।

# जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की कार्यकारिणी घोषित

खंडवा (आर्ट इंडिया न्यूज)। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट हेमांगी अरोरा के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जिलों की कार्यकारिणी घोषित की गई ।जिसमें मुख्य संरक्षक डॉ. इंद्रेश कुमार ,राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, महिला विंग प्रभारी एवं राष्ट्रीय संयोजक ममता सहगल, महिला विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष वंदना त्यागी के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश महिला विंग की खंडवा जिला कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश संरक्षक नेहा बग्गा के संरक्षण में की गई ।जिसमें खंडवा जिला अध्यक्ष चारु मंगल यादव एवम संयोजक सुनीता रेवारी को बनाया गया ।अध्यक्ष चारु मंगल यादव ने बताया कि यह संस्था जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने के समर्थन में जिले में कार्य करेगी। लोगों में बढ़ती जनसंख्या के प्रति जागरूक करने हेतु अभियान चलाए जाएंगे। साथ ही जनसंख्या नियंत्रण समाधान हेतु शहर के वरिष्ठ नागरिक एवं बुद्धिजीवियों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। काफी लंबे समय से जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने के लिए कई संस्था एवं जागरूक लोगों द्वारा प्रयास भी किए गए हैं। मगर अभी तक इसका हल निकल नहीं पाया है। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून के लिए शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता के तहत कार्य किए जाएंगे। खासकर महिलाओं एवं युवाओं को इस अभियान के द्वारा जागरूक किया जाएगा।

30 june.qxd 6/30/2024 12:50 AM Page 4



# अपराधों की जांच प्रक्रिया में तेजी और पीड़ितों को जल्द न्याय दिलाने के लिए 1 जुलाई से लागू हो रहे नए आपराधिक कानून के लिए बुरहानपुर पुलिस है पूरी तरह तैयार

## नए कानूनों में दक्ष बनाने के लिए पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए लगातार आयोजित की जा रही है प्रशिक्षण कार्यशालाएं

*बुरहानपुर (राजेश जाधव, आर्ट इंडिया न्यूज)। आमजन को नवीन कानूनों के बारे में जागरूक करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों द्वारा मोहल्ला मीटिंग/ नुक्कड़ सभाएं कर जानकारी दी जा रही है।*

सभी थाना क्षेत्रों में नवीन कानूनों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे है जो सतत जारी रहेंगे। सभी थानों पर नवीन कानून संबंधी पोस्टर्स लगाए जा रहे है ताकि थानों पर आने वाले आमजन को नवीन कानूनों के बारे में जानकारी मिल सकें।भारत सरकार के निर्देशानुसार आगामी 1 जुलाई 2024 से नवीन आपराधिक कानून लागू हो रहे है।जिसके सफल क्रियान्वयन हेतु बुरहानपुर पुलिस के समस्त अधिकारी/कर्मचारी भी पूरी तरह से प्रशिक्षित होकर कार्यवाही करें, इसके लिये पुलिस महनिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण)श्री अनुराग एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड़ रेंज खरगोन श्री अतुल सिंह द्वारा समस्त अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यशालाएं व कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर श्री देवेंद्र कुमार पाटीदार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अंतर सिंह कनेश के मार्गदर्शन में विगत दिनों से लगातार पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नए आपराधिक कानून-2023 की प्रशिक्षण शालाएं व परिचर्चाएं आयोजित की जा रही है। विगत एक माह से चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत जिले के सभी 305 पुलिस अधिकारियों/विवेचकों एवं जिले में पदस्थ 303 पुलिस आरक्षकों एवं 13 मिनिस्ट्रियल स्टॉफ को नवीन अपराधिक कानून के बारे में प्रशिक्षित किया जा चुका है। सभी को तीनों नवीन कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम और आई.सी.जे.एस., संकलन एप्प, साक्ष्य एप्प, ई-विवेचना एप्प आदि के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया है। नवीन कानूनों में ई-रिकॉर्ड का प्रावधान किया गया है, जिसके अंतर्गत जीरो एफआईआर, ई- एफआइआर और चार्जशीट डिजिटल होंगे और इलेक्ट्रॉनिक तरीके से शिकायत दायर करने पर नियत समय में दर्ज करने का प्रावधान है। नये कानून में डिजिटल साक्ष्य, फोरेंसिक साक्ष्यों के महत्व को बढ़ाया गया है। हर कार्यवाही की समय सीमा को निर्धारित किया गया है। अपराधों की विवेचना पूर्ण कर चार्जशीट पेश की समय सीमा का निर्धारण किया गया है। पुलिस अधिकारियो द्वारा 1 जुलाई 2024 से नये कानून के अनुसार ही कार्यवाही की जाएगी। थाना प्रभारियों द्वारा थाना स्टॉफ को सायं कालीन गणना के समय नवीन कानूनों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

**आमजन को नवीन कानून के बारे के जागरूक करने के कार्यवाही** : आमजन को नवीन कानूनों के बारे में जागरूक करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में समस्त थाना प्रभारियों एवं उनकी टीम द्वारा मोहल्ला मीटिंग कर विस्तार से जानकारी दी जा रही है। सभी थाना क्षेत्रों में नवीन कानूनों - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे है जो आगे भी सतत जारी रहेंगे। सभी थानों पर नवीन कानून संबंधी पोस्टर्स लगाए जा रहे है ताकि थानों पर आने वाले आमजन को नवीन कानूनों के बारे में जानकारी मिल सकें।

दिनांक 01.07.24 को नवीन कानूनों के संबंध में जानकारी देने हेतु थाना लालबाग अंतर्गत गोविंदजी वाला ऑडिटोरियम में वृहद कार्यक्रम दोपहर 2.30 बजे आयोजित होगा। जिसमें पुलिस अधिकारीगण एवं कानून विशेषज्ञ नवीन कानूनों के बारे में जानकारी देंगे। साथ ही जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे। जिसमें पुलिस अधिकारीगण एवं कानून विशेषज्ञ आमजन को नवीन कानूनों के बारे में जानकारी देंगे।

- कोतवाली- सेवा सदन लॉ कॉलेज - सुबह 11.00 बजे से।
- शिकारपुरा- गुर्जर भवन - दोपहर 12.00 बजे।
- गणपति नाका - हुसैनी हॉल सिंधीबस्ती- सुबह 11.00 बजे।
- नेपानगर- नेपामिल ऑडिटोरियम - सुबह 10.00 बजे।
- खकनार - एनआरएलएम भवन, जनपद कार्यालय , खकनार - दोपहर 12.00 बजे।
- शाहपुर मंगल भवन परिसर शाहपुर - सुबह 11.00 बजे।
- निंबोला - बीम्स कॉलेज झिरी- सुबह 11.00 बजे।

## सांसद जी की फटकार एवं समझाईश से एनएचआई 7 दिन में सुधरेगा रोड़, 6 जुलाई को सांसद करेंगे पुनः निरीक्षण





बुरहानपुर (राजेश जाधव, आर्ट इंडिया न्यूज)। खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटील लोक सभा के शितकालीन सत्र के अवकाश होने पर अपने क्षेत्र के भ्रमण पर रहते हुए शनवारा से शिकारपुरा मार्ग अत्यंत जर्जर स्थिति में होने पर उन्होंने तत्काल एनएचआई खंडवा की टीम एवं आयुक्त नगर निगम की संयुक्त टीम के साथ शिकारपुरा से लेकर शनवारा गेट तक मोटर साईकिल एवं पैदल चलकर जर्जर सड़को का मुआयना किया। इस अवसर पर सांसद ने एनएचआई टीम को एवं नगर निगम कमिश्नर की टीम को फटकार लगाते हुये कहा की आप दोनो एक दुसरे के उपर काम ना ढोलते हुए इन मार्गो की अवस्था कैसे सुधरे इस पर अधिक ध्यान दे तो अच्छा रहेगा। मुझे यह शनवारा से शिकारपुरा तक मार्ग की सुधार की सात दिनों के अन्दर जानकारी देवे ताकि मं ओर आप पुन्हः 6 जुलाई को इस मार्ग का निरीक्षण करूगां। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहां की मार्ग इतना कठिनाई भरा हो गया है, कि इस पर पैदल चलना दुभर हो गया है। रोजाना पैदल चलने वाले दो पहिया वाहन खासकर स्कुटी चलाने वाली महिलाओं की गाड़ी फिसलने से गिरने की घटनाएँ सामने आ रही है। मार्ग पर जगह-जगह पर जमा हुए पानी के डपको की निकासी की उचित व्यवस्था का भी आपको ध्यान रखना है। सांसद जी ने निमाड़ हॉस्पीटल के सामने वाली पुलिया का अधिक समय तक निरीक्षण करते हुए नगर निगम इंजीनियर टीम एवं खंडवा से आई एनएचआई टीम को दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर खंडवा से आई टीम के टीम लिडर अशोक कुमार उपाध्याय, रितुल श्रीवास्तव, किशोर कुमार साथ ही नगर निगम टीम में आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, इंजीनियर प्रेम साहु, गोपाल महाजन आदि के साथ जनप्रतिनिधियों में महापौर श्रीमती माधुरी पटेल, पूर्व महापौर अतुल पटेल, आदित्य प्रजापति, पंकज नाटानी, किशोर शाह, फेडरेशन के जयंती नवलखे, दिनकर पाटील निगम पार्षद महेन्द्र इंगले, धनराज महाजन, भरत भुजडे, भरत इंगले, राजेश महाजन, अश्विन मार्केंडे आदि के साथ भाजपाई उपस्थित थे।

# पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में नेपानगर थाना क्षेत्रों में एक साथ किया गया नाइट कांबिंग ऑपरेशन



**नेपानगर (राजेश जाधव, आर्ट इंडिया न्यूज)।** सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना द्वारा जिलों में अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने के साथ सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु नियमित रूप से ''नाईट कॉम्बिंग ऑपरेशन'' किये जाने के निर्देश दिये गये है।

निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) अनुराग एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड़ रेंज खरगोन श्री अतुल सिंह के मार्गदर्शन में दिनांक 28.06.24 की रात्रि में ''नाईट कॉम्बिंग ऑपरेशन'' की कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर श्री देवेन्द्र कुमार पाटीदार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अंतर सिंह कनेश, नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल, एसडीओपी नेपानगर के नेतृत्व में थाना प्रभारी ज्ञानू जैसवाल के कूशल मार्ग दर्शन में नाइट कांबिंग ऑपरेशन चलाया गया।

कांबिंग ऑपरेशन रात 10 बजे से शुरू होकर सुबह 06.00 बजे तक चला। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में कांबिंग ऑपरेशन हेतु नेपानगर थाना प्रभारी लेडी सिंघम ज्ञानू जैसवाल के द्वारा 05-05 टीमें बनाई गई थी। कांबिंग गश्त में थाना प्रभारी एवं पुलिस बल द्वारा स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामिली, गुंडे-बदमाशों, जिलाबदर बदमाशो की सघन चैकिंग की गई। नेपानगर थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों के साथ कॉम्बिंग गश्त की गई। 08 घंटे चली चैकिंग की कार्यवाही के दौरान निगरानी बदमाशो एवं गुण्डों* की चैकिंग की गई। नाईट कांबिंग ऑपरेशन में जिलाबदर बदमाशो के घर जाकर चेकिंग की गई। पुलिस टीमों द्वारा शहर व देहात क्षेत्र के गली मोहल्लों में घूमकर गुंडे, बदमाशों एवं जिलाबदर आरोपियों की उनके घरों पर जाकर चेकिंग की गई साथ ही गुण्डों एवं बदमाशों द्वारा वर्तमान समय में किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा प्रत्येक गुण्डा, बदमाश को यह चेतावनी भी दी गई कि यदि वह किसी भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उनके विरूद्ध पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी। अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नेपानगर पुलिस द्वारा नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन की कार्यवाही आगे भी सतत जारी रहेगी।

नेपानगर थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल ने अनौपचारिक भेट में बताया कि नेपानगर पुलिस थाना क्षेत्र के सभी गुंडा बदमाश 20 निगरानी बदमाश 06 ,जिला बदर 12 को चेक किया कामिंग गस्त के दौरान 04 स्थाई वारंट ईश्वर पिता हीरालाल कोरकू निवासी सातपायरी -प्रकाश पिता रामकिशन निवासी चिंचाला- छोटेलाल पिता कमल भावसार निवासी मूंदी,- रामकिशन पिता मुंशी उर्फ दादू निवासी केरपानी को पकड़ने में कांबिंग ऑपरेशन गस्त पुलिस टीम को मिली बड़ी सफलता।

निरीक्षक थाना प्रभारी लेडी सिंघम ज्ञानू जायसवाल के कुशल नेतृत्व में पुलिस कांबिंग में नगर उप निरीक्षक मनीष पटेल चौकी प्रभारी नावरा, थाना सहायक निरीक्षक गुलाब सिंह कछुआ उप निरीक्षक दुर्गा प्रसाद पाल संयुक्त उप निरीक्षक जगदीश मनसूरे थाना नेपानगर प्रधान आरक्षक 409 वसीम खान ,प्रधान आरक्षक 438 गुरदीप सिंह पटेल, आरक्षक 346 गजेंद्र रावत ,आरक्षण 49 8 सुनील सिंह आरक्षण 160 जितेंद्र सोलंकी आरक्षक 595 सुनील तरोले आरक्षक 79 सुरेश गोयल 596 संतोष यादव की सराहनीय भूमिका रही।

30 june.qxd 6/30/2024 12:50 AM Page 5



# हरित क्षेत्र विकास अंतर्गत पौधारोपण



**खरगोन (इमरान खान, आर्ट इंडिया न्यूज)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्रों में पौधारोपण अभियान चलाया जाना है जिसके अंतर्गत कलेक्टर कर्मवीर के निर्देशानुसा 29 जून को अभियान की शुरूआत नगर के वार्ड क्रमांक-01 में नवग्रह मेला ग्राउण्ड पर निर्मित नवग्रह वाटिका (मियावाकी पद्धति) पर विभिन्न प्रजातियों जैसे आम, जामुन, आंवला, पीपल, करंज के 1000 पौधे लगाए गए। उक्त आयोजित कार्यक्रम में नगर के नागरिकों के साथ ही समस्त जनप्रतिनिधियों, व्यापारी संगठन, शासकीय अधिकारी/कर्मचारियों के साथ ही बड़ी संख्या में महिला एवं पुरूषों के व्दारा अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण किया गया।

पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार, भूतपूर्व विधायक बाबुलाल महाजन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया अरूण जशी, उपाध्यक्ष भोलू कर्मा, कलेक्टर कर्मवीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भास्कर गाचले, भाजयुमो अध्यक्ष रवि वर्मा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमती शीतल राठौड़, नगर महामंत्री श्रीमती शोभा खोड़े, व्यापारी संगठन के अध्यक्ष कल्याण अग्रवाल, पार्षदगण श्रीमती संध्या दांगी, संतोष वर्मा, हीरा भाई परमार, जगन्ना सांवले, पार्षद प्रतिनिधि मनोज वर्मा, लक्की चोपड़ा, राजेष रावत, भूतपूर्व पार्षद लोकष भावसार, कन्हैया कोठाने, राजेन्द्र पटेल, रणजीतसिंह रघुवंशी, मोहन राठौड़, अन्त्योदय समिति अध्यक्ष सुरेष वर्मा एव नगर पालिका के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# महेश्वर में हुआ पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन



**खरगोन (इमरान खान, आर्ट इंडिया न्यूज)।** अग्निपथ योजना के तहत वायु सेना में युवाओं की भर्ती के लिए 29 जून को एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय महेश्वर के प्रियदर्शनी सभागृह में पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन किया गया।

इस दौरान युवाओं कोवायु सेना भर्ती प्रकिया की जानकारी दी गयी। स्कूली छात्र-छात्राएँ ने शास. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महेश्वर / सीएम राईज स्कूल /आई.टी.आई. डिप्लोमा एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। पारस अग्रवाल विंग कमांडर एअर फोर्स भेपाल व उनकी टीम डी.एस. मराठा विंग कमाडर ने छात्र-छात्राओं को प्रोजेक्टर पर फिल्म पर्दशन कर अग्निपथ योजना की विस्तृत जानकारी दे कर प्रेरित किया गया। इसके पश्चात क्विज प्रतियोगिता आयोजित कर छात्र-छात्राओं से फिडबैक ले कर पुरूस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती प्रिति बाला सस्ते, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बी.के. वर्मा, संस्था प्राचार्य मोहम्मद ताहीर अली. सी.एम. राईज स्कूल के प्राचार्य बिरजू गुप्ता, श्रीमती संध्या चौहान वरिष्ठ व्याख्याता, मंडल संयोजक दिनेश पटेल एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण भवसार व्याख्याता द्वारा किया गया एवं अतः में प्राचार्य ताहीर अली द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के वृहद पौधारोपण अभियान के तहत विंग कमांडर पारस अग्रवाल ने भी पौधारोपण किया।







# एक पौधा मां के नाम योजना अंतर्गत वृहद स्तर पर किया गया पौधारोपण

**बिस्टान (सुभाष टाके, आर्ट इंडिया न्यूज)।** पर्यावरण संरक्षण हेतु मध्य प्रदेश शासन की योजना जल गंगा संवर्धन अभियान एवं प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पौधा मां के नाम योजना अंतर्गत कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के निर्देश पर पूरे जिले में 29 जून को वृहद स्तर पर पौधा रोपण किया गया।

संपूर्ण जिले में आयोजित इस अभियान में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में समस्त शासकीय कार्यालय, विद्यालयों, आंगनबाड़ी पुलिस थाना, महाविद्यालयो, खदानों, तालाब किनारे एवं अन्य सार्वजनिक भूमि पर वृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया।इस कड़ी में नगर परिषद अध्यक्ष एव वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में लगभग तीन हजार पौधों का रोपने का लक्ष्य अनकवाड़ी स्थित खुले मैदान पर रखा गया। मियावाकी पद्धति से रोपित इस पौधारोपण में जामुन, जाम, आम आदि फलदार छाया दार पौधों का भी रोपण किया गया। शासकीय सीएम राइज स्कूल बिस्टान में वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में विद्यालय प्राचार्य एवं स्टाफ जन प्रतिनिधियों द्वारा पौधों रोपण किया गया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी राजेश मालवीया, गुलाब चंद भावसार, प्रहलाद पटेल, प्रहलाद वास्कले, विष्णु सिंह दांगी, अतुल भंगाले, मनोरमा दीक्षित, नगरपरिषद के डेमसिंह नार्वे एव सीएमओ बद्रीलाल पुरबिया ने इस अवसर पर रोपित पौधों की देखभाल जल सिंचन कर रखवाली करने की अपील आमजन से की है।

# खनिज विभाग द्वारा अनुरोध किया गया सभी खदानों पर

**खरगोन (इमरान खान, आर्ट इंडिया न्यूज)।** खानिज विभाग द्वारा दिनांक 29.06.2024 को ज़िला खरगोन में जिले के सभी खदान संचालकों से पौधारोपण का अनुरोध किया था जिसने खदान संचालकों एवं उनके परिजनों ने बढ़चढ़ इस पुनीत कार्य के भाग लिया तथा लगभग 4000 पौधों का रोपण किया पूर्व वर्षों में किए गए पोधे भी अब वृक्ष का रूप ले चुके है। पोधारोपण के इस कार्य में खनिज अधिकारी उनकी टीम सहायक खनिज अधिकारी रीना पाठक तथा खनिज निरीक्षक प्रियंका अजनार द्वारा अलग-अलग खदानों में जा कर पोधारोपण किया तथा खदान संचालकों का उत्साहवर्धन किया।



## राज्य विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध-घुमक्कड़ जाति विकास अभिकरण के अध्यक्ष का दौरा कार्यक्रम

खरगोन (इमरान खान, आर्ट इंडिया न्यूज)। मध्यप्रदेश राज्य विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध-घुमक्कड़ जाति विकास अभिकरण के अध्यक्ष (कैबिनेट दर्जा प्राप्त) श्री बाबुलाल बंजारा 01 जुलाई को खरगोन जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे 01 जुलाई को इंदौर से प्रस्थान कर दोपहर 02 बजे खरगोन के सर्किट हॉउस पहुँचेंगे। यहाँ वे समुदाय के लोगों से भेंट कर चर्चा करेंगे। ततपश्चात वे बड़वाह तहसील के देवि धाम लालपुरा में समुदाय के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के पश्चात अध्यक्ष श्री बंजारा खरगोन सर्किट हॉउस पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। 02 जुलाई को प्रातः 10 बजे नीमच के लिए प्रस्थान करेंगे।

## खेतों में बुवाई के बाद अब खरपतवार निकालने का काम शुरू

बिस्टान (आर्ट इंडिया न्यूज) इन दिनों बिस्टान सहित आसपास के क्षेत्र में किसानों के खेतों में बुवाई के बाद अब खरपतवार निकालने के लिए किसानों द्वारा अपने अपने खेतों में कोलपे से खरपतवार निकाल रहे है। किसान प्रेम सिंह चौहान, दिनेश ठाकुर, नीरज पंडित आदि ने बताया कि फसल के साथ खेतो में विभिन्न प्रकार की अवांछनीय पौधे भी निकल आते है। जिन्हे हम खरपतवार कहते है ये पौधे फसलों को बढ़ने नहीं देते है जिसके कारण किसानों के द्वारा इन अवांछनीय पौधे को फसल की साइड से निकाल दिया जाता है। जिसके बाद किसानों को फसलों को पूर्ण हवा मिलती है जिससे फसल तेजी से बढ़ने लगती है। किसान रुस्तम चौहान ने कहा कि अगर अधिक मात्रा में खरपतवार होती है तो खरपतवार नाशक दवाई का छिड़काव किया जाता है। जिससे की खरपतवार का नियंत्रण हो जाता है।

30 june.qxd 6/30/2024 12:50 AM Page 6



संपादकीय

## मुसीबत की बरसात और लापरवाही का आलम

मानसून में बारिश एक स्वाभाविक च' है, लेकिन शहरों-महानगरों के लिए अब इसे एक तकलीफदेह दौर के रूप में जाना जाने लगा है। शु' वार को राजधानी दिल्ली में हुई बरसात के बाद जैसे हालात पैदा हुए, वह जितना बारिश का नतीजा है, उससे ज्यादा इसके लिए सरकार और समूची व्यवस्था की लापरवाही, अदूरदर्शिता और कुप्रबंधन जिम्मेवार है। कुछ घंटों की बारिश के बाद दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में जिस तरह व्यापक जलजमाव देखा गया, सड़कों पर पानी भर गया, बस और कार जैसे वाहन उसमें फंस गए, यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ, वह कोई नई घटना नहीं है। जब भी यहां कुछ घंटे ज्यादा बारिश होती है, तो उसके बाद समूचा जनजीवन लगभग ठप्प हो जाता है। हालत यह है कि दिल्ली के केंद्रीय इलाकों में भी पानी भर जाता है और लोगों के सामने कई तरह की मुश्किलें पैदा होती हैं। सवाल है कि क्या इससे उपजी अव्यवस्था के लिए केवल बरसात को बहाना बनाया जा सकता है। आखिर हर वर्ष ऐसी स्थिति पैदा होने के बावजूद इससे सबक क्यों नहीं लिया जाता और बरसात के पहले ही ऐसे इंतजाम क्यों नहीं किए जाते कि सड़कों या मुहल्लों में जलजमाव न हो?

## सौम्या ने सीएफए की एक्जाम क्लियर कर खंडवा का नाम रोशन किया



खंडवा। हर विधा में जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है अपने हुनर के माध्यम से खंडवा की यह प्रतिभाएं अपनी मेहनत लगन के साथ आगे बढ़कर खंडवा का नाम रोशन कर रही है, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया खंडवा की बेटी सौम्या पिता मनीष करे ने चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट सीएफए के फर्स्ट लेवल को क्लियर किया है। डीएवीपी से हाल ही में एमबीए- फाइनेंस मार्केटिंग की डिग्री हासिल करने के साथ ही फायनेंस की इस सर्वोच्च एक्जाम को पहले ही अटेम्प्ट में क्लियर कर सौम्या ने खंडवा का नाम रोशन किया है, सौम्या करें कि इस सफलता पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, महापौर अमृता यादव, विधायक कंचन तनवे, समाजसेवी सुनील जैन ने बधाई व शुभकामना प्रेषित की।

# व्यापारी एकता परिषद ने मनाई दानवीर भामा शाह जयंती



**बिजनौर (आसिफ रईस, आर्ट इंडिया न्यूज)।** उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा महान दानी दानवीर भामा शाह की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप मे मनाया जाय ऐसा घोषित किए जाने पर व्यापारी एकता परिषद के बैनर तले सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस पर संगठन के पदाधिकारियों ने बड़ी हर्षोल्लास से मनाई गई जिसमें सबसे पहले भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री प्रशांत चौधरी ने किया एव कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश संरक्षक एम. पी. सिंह ने की।


प्रदेश संरक्षक एम. पी. सिंह ने प्रदेश सरकार की व्यापारी कल्याण दिवस मनाने वाली घोषणा की सराहनीय है ओर कहा कि यह व्यापारी वर्ग के लिए गौरब पूर्ण बात है कि महान दानवीर की जयंती को सभी व्यापारी वर्ग व्यापारी कल्याण दिवस के रूप मे मनाया गया। कार्यक्रम के पाश्चात्य सभी पदाधिकारी ने आगामी कार्यक्रमों चर्चा की। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा प्रदेश महामंत्री देवेश चौधरी राजीव वर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष जिला अध्यक्ष अनुज शर्मा जिला महामंत्री प्रशांत चौधरी, अजीम अहमद, नईम अहमद, शमीम अहमद, सुनील अग्निहोत्री, जिला उपाध्यक्ष केशव जी, कफील अहमद, राहुल राणा, अमित (हर्ष ट्रेडर्स) ,ब्रह्मपाल जी इंद्रजीत सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में दादा पोते की मौत









**नूरपुर (बिजनौर) (आसिफ रईस, आर्ट इंडिया न्यूज)।** अमरोहा के मंडी धनौरा से सब्जी भरकर धामपुर जा रही एक पिकअप गाड़ी पीछे से कंटेनर में जा घुसी।पिकअप गाड़ी सवार अमरोहा के मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव मिठनपुर निवासी भूदेव सिंह (60) और उनके पोते मनीष (15) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

यह हादसा शुक्रवार की सुबह नूरपुर अमरोहा मार्ग पर गांव लिंडरपुर के पास हुआ। बताया गया कि मंडी धनौरा के मिठनपुर निवासी किसान सब्जी लेकर धामपुर मंडी में बेचने के लिए निकले थे। लिंडरपुर के पास पहुंचते ही एक कंटनेर ने पिकअप गाड़ी को ओवरटेक किया, कुछ दूर चलते ही अचानक ब्रेक लगा दिए। इस कारण पीछे चल रही पिकअप गाड़ी कंटेनर में जा घुसी। इसमें सवार अमरोहा जिले के मंडी धनौरा के गांव मिठनपुर निवासी भूदेव सिंह (60) और उनके पोते मनीष (15) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि धीरज सिंह, महेन्द्र सिंह व खेम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने सहदेव की तहरीर पर कंटेनर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विधायक अर्चना चिटनिस ने इच्छापुर के प्रजापति मोहल्ले में 5.76 लाख की लागत से निर्मित डीपी सहित विद्युत कार्यों का किया लोकार्पण





**बुरहानपुर (राजेश जाधव, आर्ट इंडिया न्यूज)।** पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने ग्राम ईच्छापुर के प्रजापति मोहल्ले में रहवासियों को सुचारू विद्युत व्यवस्था हेतु 5 लाख 76 हजार की लागत से विद्युत कार्यों का लोकार्पण किया।

यहां एक 100 केवीए का ट्रांसफार्मर, 14 विद्युत पोलों सहित विद्युत लाईन का विस्तार किया गया है। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि अब तक यहां अस्थाई विद्युत कनेक्शन थे, अब यहां स्थाई विद्युत कनेक्शन उपभोक्ताओं को मिल सकेंगे, जिससे सभी उपभोक्ताओं को राहत मिल सकेंगी। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी, जनपद पंचायत सदस्य फिरोज तड़वी, गणेश महाजन, वामन माली, संजय पवार, सरपंच लक्ष्मण पवार, उपसरपंच विजय पवार, सोपान महाजन, संजय चौधरी, पवन पवार, अशोक महाजन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

आर्ट इंडिया न्यूज़ बढ़ते इंडिया की बढ़ती सोच...
आसपास
रविवार, 30 जून 2024


# खण्डवा-बड़ोदा हाईवे मार्ग का मोड बना परेशानी का सबब

## हर साल मोड पर होता जलजमाव, चालक हुए परेशान, दुर्घटना का शिकार हुए वाहन






*अलीराजपुर (रफीक कुरैशी, आर्ट इंडिया न्यूज)। इन दिनो बर्षाकाल के दौरान स्थानिय खण्डवा-बड़ोदा हाइवे मार्ग पर फतेह क्लब मैदान ओर पशु चिकित्सालय के सामने मोड़ पर बारिश के चलते यहा पर काफी मात्रा में लबालब पानी भर गया है।*

मोड पर जलजमाव होने से आवागमन मे आमजनो सहित दुपहिया व चार पहिया वाहन चालको को भारी परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा है। फतेह क्लब मेदान की दिवार के समीप उक्त मोड पर जलजमाव होने से सड़क दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। गत दिनों उक्त मोड़ पर एक वाहन दूसरे वाहन से आमने सामने भीड़ गए। जिसके चलते वाहन चालक को चोट आई, उसे उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। गोरतलब है की इसके पुर्व उक्त मोड पर कई बार सड़क दुर्घटनाए हो चुकी है, हर साल जलजमाव होने के बावजुद इसके जिम्मेदार अफसर इस ओर ध्यान नही दे रहे है। जबकि उक्त मार्ग ओर मोड से दिनभर प्रशासन के आला अधिकारियो का आवागमन होते रहता है, वह भी मुकदर्शक बने हुए है, शायद वह किसी बडी दुर्घटना या हादसे का इंतजार कर रहे है। उल्लेखनिय है कि उक्त मोड पर पानी निकासी के स्थान पर कई जगह बालू रेत व कंकर भर जाने से मोड़ पर जलजमाव होकर एक बडा सा गडडा हो गया है। जलजमाव होने से राहगीरों को आवागमन में भारी फजीहत झेलना पड़ रही है। इससे अधिकांश दुपहिया-चार पहिया वाहन सवार उक्त मोड पर वाहन डाल देते हे ओर फिर वह असंतुलित होकर गिर जाते हे। जिसके चलते वाहन चालक दुर्घना ग्रस्त होकर चोटिल हो जाते है। हर साल बारिश के दौरान उक्त मोड पर इस तरह की समस्याए बनी रहती है, फिर भी उक्त समस्या का अभी तक निराकरण नही हो पाया है।उल्लेखनिय हे कि उक्त मोड से महज कुछ ही दूरी पर नगरपालिका परिषद कार्यालय है। उक्त मार्ग से प्रतिदिन कलेक्टर, एसपी, जिपं सीईओ, अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, सीएमएचओ, नपा सीएमओ सहित कई वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारियो का आवागमन होता है। अब सवाल यह उठता हे कि क्या उक्त मोड की समस्या पर किसी भी अधिकारियो की नजर नही गई? या फिर अधिकारी किसी बड़े हादसे होने का इंतजार कर रहे है.? बहरहाल आला अधिकारियो को उक्त मोड की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तथा जनहित को लेकर ठौस कार्रवाई करना चाहिए। जिससे आमजनो एवं वाहन चालको को राहत ओर निजात मिल सके।

# जिला जेल मे नए आपराधिक कानून विषय पर स्टाफ एवं बंदियों को जानकारी दी गई



**अलीराजपुर (रफीक कुरैशी, आर्ट इंडिया न्यूज)।** स्थानीय जिला जेल में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अलीराजपुर सुरेश सिंह, माननीय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आरएस सेवेतिया, जिला विधिक सेवा अधिकारी सुभाष चौधरी, अध्यक्ष अभिभाषक संघ श्री गहलोत एवं वरिष्ठ अभिभाषक राजेश राठोर द्वारा 01 जुलाई से लागु होने वाले 03 नए आपराधिक कानून-भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के विषय पर जेल में उपस्थित स्टाफ एवं बंदियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे न्यायाधीशगणों एवं जेल के स्टाफ द्वारा जेल परिसर में वृक्षारोपण किया गया। जेल अधीक्षक एसबी शरण द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया, सहायक जेल अधीक्षक संस्कृता जोशी द्वारा आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जेल का स्टाफ एवं बंदी उपस्थित थे। उक्त जानकारी जेल अधीक्षक श्री शरण ने दी।



# उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए बच्चों को प्रेरित करे : एसडीएम श्री सिंह

## प्राचार्य, प्राध्यापक एवं मण्डल संयोजकों की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

**अलीराजपुर (रफीक कुरैशी, आर्ट इंडिया न्यूज)।** हायर सेकेण्डरी में उत्तीर्ण छत्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए जानकारी देकर उनको जागरुक किया जाए, ताकि वे सही समय पर कालेज में प्रवेश लेकर होने वाली समस्याओं से बच सके एवं अपने उज्जवल भविष्य के अपने रास्ते प्रशस्त कर सके। इस हेतु बच्चों से सतत संपर्क भी किया जाए।

उक्त विचार जोबट एसडीएम वीरेन्द्र सिंह ने कॉलेज के प्राचार्य, प्राध्यापक एवं अनुविभाग के सभी हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य तथा मण्डल संयोजक जोबट एवं उदयगढ हेतु आयोजित समीक्षा बैठक में व्यक्त किए। इस दौरान उन्होने अनुभाग के सभी कॉलेजों में उच्च शिक्षा के लिए शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिलवाने हेतु निर्देशित किया । वर्ष 2023-24 में विकास खण्ड में कुल 800 बच्चों ने हायर सेकेंडरी की परीक्षा उर्त्तीण की है । इस हेतु पीजी कॉलेज से डॉ. जीएल चोहान प्राध्यापक नोडल अधिकारी प्रवेश के रूप में नियुक्त किया गया है। साथ ही समस्त प्राचार्य गणों को निर्देशित भी किया गया कि वे अपने स्कूलों में एक नोडल शिक्षक नामांकित कर सभी उर्त्तीण तथा पूरक उर्त्तीण छात्रों को प्रवेश दिलवाने में सहायता करेंगे। बैठक में प्राचार्य पीजी कॉलेज डॉ. सखाराम भूरिया, डॉ. जीएल चौहान प्राध्यापक, अरविन्द बघेल प्राचार्य उत्कृष्ट जोबट सहित अनुभाग के सभी हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य तथा मण्डल संयोजक जोबट एवं उदयगढ उपस्थित रहे।

# डिप्टी कलेक्टर ने पुस्तकालय का औचक निरीक्षण कर दिए निर्देश



अलीराजपुर (रफीक कुरैशी, आर्ट इंडिया न्यूज)। कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर के निर्देशानुसार गत दिवस डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी डूडा जीपी अग्रवाल ने पोस्ट ऑफिस चौराहा स्थित पुस्तकालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने बिजली की व्यवस्था, छात्राओं एवं आमजनों की बैठक व्यवस्था , पेयजल आदि व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान नगर पालिका अधिकारी कमल मुजाल्दा द्वारा बताया गया कि पुस्तक मेले से करीब 7 हजार की विषयवार किताबों को क्रय किया गया। जिसमें किताबों की कमी की पूर्ति की जा रही। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बस स्टैंड स्थित आश्रय स्थल का भी जायजा लिया, उन्होने निर्देशित करते हुए कहा की बाहरी व्यक्ति को रूकने के व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया जाए, उन्हे उक्त आश्रय स्थल की जानकारी हो इसलिए बाहरी तरफ साफ सुथरा फ्लैक्स जिस पर देख रेख करने वालों कर्मचारियों के मोबाइल नंबर भी अंकित हो जिससे देर सवेर आने वाले लोगो को सूचना करने एवं रूकने में कोई परेशानी ना हो।

30 june.qxd 6/30/2024 12:50 AM Page 8



# कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कृषि उपज मंडी बडोरा का किया औचक निरीक्षण

## परिसर में गंदगी मिलने पर जाहिर की नाराजगी



*बैतूल (रेशमा खान, आर्ट इंडिया न्यूज)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने शनिवार को कृषि उपज मंडी बडोरा का औचक निरीक्षण किया।*

इस दौरान मंडी परिसर में गंदगी का अंबार मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने मंडी सचिव को तत्काल सफाई कराए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि मंडी परिसर में नियमित स्वच्छता रखी जाए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि आगामी सप्ताह में पुनह्ठ मंडी में आकर निरीक्षण करेंगे, तब तक सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त कर ली जाए। इस अवसर पर एसडीएम राजीव कहार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### किसानों की सुनीं समस्याएं

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी मंडी परिसर में चल रही गेहूं तथा चने की नीलामी में पहुंचे। उन्होंने किसानों से उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों ने कलेक्टर को बताया कि उन्हें उपज का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। किसानों को उपज के भुगतान में विलंब होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर ने तत्काल अधिकारियों को भुगतान किए जाने के आदेश दिए। इसके अलावा मंडी परिसर में उपज बेचने आए किसानों के लिए बैठने की व्यवस्था नहीं होने पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मंडी सचिव को मंडी परिसर में प्रत्येक शेड्स में बैठने के लिए बेंचेस की व्यवस्था तथा हर एक शेड में वेटिंग एरिया बनाए जाने के निर्देश दिए।

## नाबालिक छात्रा का 6 माह से पीछा कर छेडछाड करने वाले युवक पर केस दर्ज

मुलताई। थाना क्षेत्र बोरदेही के ग्राम में निवास करने वाली एक 17 वर्षीय छात्रा का एक युवक द्वारा बीते 6 माह से पीछा तंच कसे जा रहे थे। जिससे कि नाबालिक छात्रा मानसिक एवं शाररिक रूप से परेशान थी । पीडित नाबालिक छात्रा की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ छेडछाड एवं पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है । पुलिस ने बताया 17 वर्षीय पीडित छात्रा ने थाने में रिपोर्ट लिखाई कि ग्राम खेडली बाजार निवासी नितेश उर्फ निखिल पिता बाबुलाल नागले बीते 10 जनवरी 2024 से 14 जून 2024 के बीच उसका पीछा कर बातचीत करने की कोशिश कर रहा था तथा उसके उपर कमेंटस कर छेडछाड कर रहा था । जिससे की छात्रा मानसिक एवं शाररिक रूप से परेशान थी। पीडिता द्वारा थाने में दिए गए लिखित आवेदन की जॉच करने के बाद पुलिस द्वारा आरोपी नितेश उर्फ निखिल के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# ताप्ती सरोवर में लगेगा म्युजिकल फव्वारा पीआई की बैठक में प्रस्ताव पारित

**बैतूल/मुलताई (रेशमा खान, आर्ट इंडिया न्यूज)।** मां ताप्ती की पवित्र नगरी के ताप्ती सरोवर में नगर पालिका द्वारा म्युजिकल फाउन्टेंन लगाया जाएगा। जिसकी निविदा दरों को नगर पालिका के सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोजित पीआईसी की बैठक में स्वीकृति मिली है।

इसके अतिरिक्त कायाकल्प अभियान के तहत विभिन्न वार्डो में सीसी रोड मजबुती करण निर्माण कार्य कराए जाने, ताप्ती सरोवर में नाव बोटिंग ठेके पर दिए जाने, अमृत 0.2 अंतर्गत पार्क निर्माण कार्य करने ,इंदिरा गांधी वार्ड में हाईमास्ट लगाने ,मुख्यमंत्री के आगमन पर होने वाले व्यय को स्वीकृति प्रदान की गई। वही,हाफ राउडं नाली लगाने ,ताप्ती जन्मोत्सव पर विद्युत लाईटिंग से सरोवर की साज सज्जा किए जाने,ताप्ती जन्मोत्सव पर परिक्रमा मार्ग पर डोम की पेटिगं कराए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गढेकर,पीआईसी सदस्य डॉ जीए बारस्कर, रितेश विश्वकर्मा,पंजाबराव चिकाने, अजय यादव,महेन्द्र जैन, शिल्पा शर्मा,कुसुम पाठेकर उपस्थित रहे।



## उत्कृष्ट विद्यालय की कक्षा 11 वी विज्ञान एवं गणित संकाय में प्रवेश

देवास (शकील कादरी, आर्ट इंडिया न्यूज)। उत्कृष्ट विद्यालय देवास के प्राचार्य श्री सुधीर कुमार सोमानी ने बताया कि उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 11 वी के गणित एवं जीव विज्ञान संकाय में सीटे रिक्त होने से अन्य विद्यालय के कक्षा 10 वी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जावेगा । कक्षा 10 वी में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी एमपी आनलाईन के माध्यम से आवेदन कर सकते है । आवेदन करने की अंतिम दिनांक 05 जुलाई 2024 रहेगी । प्राप्त आवेदन में से मेरिट के आधार पर कक्षा 11 वी में रिक्त सीटो पर गणित एवं जीव विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जावेगा।

# मासूमो के साथ कैसा खिलवाड़ आंगनवाड़ी के भोजन में निकली इल्लियां



**बैतूल (रेशमा खान, आर्ट इंडिया न्यूज)।** आमला ब्लाक केग्रामीण क्षेत्र की एक आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए 27 जून को तैयार किए भोजन में इल्लियां मिलने का मामला सामने आया है। मामला बोरदेही क्षेत्र के ग्राम हरन्या की आंगनवाड़ी केंद्र 1 का है। जहां जय गुरुदेव स्व सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए कढ़ी चावल में इल्लियां पाई गई।

आंगनवाड़ी में बच्चों का वजन कराने आए पालकों ने भोजन में इल्लियां दिखाई देने पर वीडियो बनाकर ग्रामीणों अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इस संबंध में सूचना दी। सूचना मिलने पर अन्य ग्रामीणों ने आंगनवाड़ी में पहुंचकर इल्ली युक्त भोजन देखा और अधिकारियों से शिकायत की। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी गौतम अधिकारी से शिकायत की है। स्व सहायता समूह द्वारा सांझा चूल्हा के तहत प्राथमिक स्कूल के लिए भी भोजन तैयार किया जाता है। इल्लियां मिलने पर स्कूल के लिए दाल बनाकर बच्चो को परोसने की जानकारी है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनीता साहू का कहना है कि समूह द्वारा भेजे गए कढ़ी चावल में इल्लियां मिलने पर बच्चो को भोजन नहीं कराया गया। समूह द्वारा स्कूल के लिए भी भोजन तैयार किया जाता है। स्कूल के भोजन में भी इल्ली पाई गई। पूर्व में भी गुणवत्ता पूर्व भोजन नहीं देने पर समूह को समझाया गया था। जय गुरुदेव स्व सहायता समूह की अध्यक्ष बबली यदुवंशी का कहना है कि रसोईए की लापरवाही हो सकती है। सांझा चूल्हा के तहत स्कूल और आंगनवाड़ी के लिए भोजन बनाते है। शिकायत मिलने पर स्कूल में कढ़ी की जगह दाल बनाकर दी गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा दबाव बनाया जाता है। सीडीपीओ निर्मल सिंह ठाकुर का कहना है कि भोजन में इल्लियां मिलने का मामला संज्ञान में आने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और समूह को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

# देशी पिस्टल व कारतूस लेकर घूम रहा रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बैतूल (रेशमा खान, आर्ट इंडिया न्यूज)।** शहर में अवैध रूप से देसी पिस्टल और कारतूस आसानी से बदमाशों के पास पहुंच रहे हैं। पुलिस भी लगातार बदमाशों को पिस्टल के साथ पकड़ रही है लेकिन अवैध हथियार आखिर आ कहां से रहे हैं इसका पता अब तक नही लगाया जा सका है।

शनिवार को भी पुलिस ने बैतूल के सदर क्षेत्र में एक युवक को देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। गंज पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 29/06/24 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि पीडब्ल्यूडी आफिस के पास इंद्रा कालोनी में एक लडका काली टीशर्ट व जीन्स पहने कमर में पिस्टल फसाये घूम रहा है । सूचना पर थाना गंज पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये मौके पर जाकर लडके को पकडा। जिसने अपना नाम दानिश उर्फ मुदस्सिर पिता शेख सलीम उम्र 19 साल नि. तिलक वार्ड कोठी बाजार का बताया। जिसकी तलाशी लेने पर कमर में जीन्स में फसी एक सिल्वर रंग कि देशी पिस्टल मिली तथा जीन्स कि जेब में एक कारतूस मिला। जिससे पिस्टल रखने के संबंध मे लायसेंस मांगा जो कोई लायसेंस होना नही बताया । जो पिस्टल व कारतूस अवैध रूप से पाये जाने से आरोपी दानिश के कब्जे से विधिवत जप्त किया गया। आरोपी दानिश के विरूध्द थाना गंज में अपराध के 248/24 धारा 25.27 आर्म्स एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। आरोपी दानिश उर्फ मुदस्सिर पिता शेख सलीम उम्र 19 साल नि. तिलक वार्ड कोठी बाजार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरी. रविकान्त डेहरिया, सउनि किशोरीलाल सल्लम, प्रआर संदीप आर अनिरूध्द, आर दुर्गेश, आर मनोज एवं आर नरेन्द्र की विशेष भूमिका रही है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक शाहिद शाह 54, आजाद नगर डेली कॉलेज के पास, मूसाखेड़ी रोड, इंदौर म.प्र. से मुद्रित एवं पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर से प्रकाशित। संपादक : इरशाद खान। (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा)